हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 16 अप्रैल 2024

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]


तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री



# 226 दिनों में 1 मिलियन टन हॉट मेटल उत्पादन कर नगरनार स्टील प्लांट ने रचा कीर्तिमान

## ब्लास्ट फर्नेस को रेटेड कैपेसिटी याने प्रतिदिन 9500 टन उत्पादन तक ले जाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगरनार स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस ने 7 अप्रैल को अपने पहले 1 मिलियन टन गर्म धातु के उत्पादन का लक्ष्य पूरा कर लिया। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े ब्लास्ट फर्नेस ने पिछले साल स्वतंत्रता दिवस पर उत्पादन शुरू किया था। 15 अगस्त से 7 अप्रैल तक 226 दिनों में 1 मिलियन टन हॉट मेटल उत्पादन करना सार्वजनिक क्षेत्र की स्टील प्लांट्स के लिए एक चुनौती जैसा काम था। नगरनार स्टील प्लांट के महाप्रबंधक एवं संचार प्रमुख रफीक अहमद जिनाबड़े ने बताया है कि स्टील क्षेत्र के इतिहास में झांकें तो पता चलता है की अब तक कम से कम अवधि में पहला मिलियन टन हॉट मेटल बनाने का सेहरा सेल के भिलाई स्टील प्लांट के सर था। भिलाई स्टील प्लांट को इस लक्ष्य तक पहुंचने में 259 दिन लगे थे। दूसरे नंबर पर इसको स्टील प्लांट प्लांट को 2015 में अपनी ब्लास्ट फर्नेस नंबर 5 से पहला एक मिलियन टन हॉट मेटल उत्पादन करने में 283 दिन लगे थे। बस्तर के नगरनार स्थित इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट ने मात्र 226 दिनों में 1 मिलियन टन हॉट मेटल का स्टील प्लांट ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर करते कहा कि हॉट मेटल उत्पादन में निरंतर वृद्धि भारत की सबसे युवा ब्लास्ट फर्नेस के लिए अच्छा संकेत है। आने वाले दिनों में हम प्रतिदिन 7000 टन हॉट मेटल का पहुंचेंगे। उसके बाद हम जल्द ही ब्लास्ट फर्नेस को रेटेड कैपेसिटी याने प्रतिदिन 9500 टन उत्पादन तक ले जाएंगे। भविष्य में प्रतिदिन 7000 टन गर्म धातु उत्पादन को स्थिर करना आवश्यक है।

*प्रतिदिन 7000 टन गर्म धातु उत्पादन को करेंगे स्थिर*



### देश की सबसे बड़ी ब्लास्ट फर्नेस में से है एक

*महाप्रबंधक जिनाबड़े ने बताया कि पलवेराइज्ड कोल इंजेक्शन से महंगा कोकिंग कोल कम मात्रा में उपयोग होगा जिससे उत्पादन लागत को कम करने में मदद होगी। 4506 क्यूबिक मीटर क्षमता वाली नगरनार स्टील प्लांट की ब्लास्ट फर्नेस भारत की सबसे बड़ी ब्लास्ट फर्नेस में से एक है, जिसकी प्रतिदिन 9500 टन और प्रति वर्ष 3.3 मिलियन टन गर्म धातु उत्पादन करने की क्षमता है।*

### एचआर कॉइल्स की उत्पादन क्षमता भी बढ़ा रहे

*मानक प्रक्रिया के अनुरूप संयंत्र धीरे-धीरे गर्म धातु के साथ-साथ एचआर कॉइल्स की उत्पादन क्षमता भी बढ़ा रहा है। भारत के सबसे युवा एकीकृत इस्पात संयंत्र ने अब तक पांच लाख टन से अधिक एचआर कॉइल्स का उत्पादन किया है जिसे उपभोकताओं में अच्छी स्वीकृति मिली है।*

## नवरात्रि विशेष



### अष्टमी: महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया॥

## सफलता : किस्टाराम, भैरमगढ़, मलांगेर एवं कटेकल्याण एरिया कमेटी में थे सक्रिय

# वर्राटू से प्रेरित हो एक इनामी के साथ 26 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

नक्सल बंद के दौरान रोड खोदना, पेड़ काटना एवं बैनर पोस्टर लगाने की घटनाओं में थे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

नक्सल बंद के दौरान रोड खोदने, पेड़ काटने एवं नक्सल बैनर पोस्टर लगाने की घटनाओं में शामिल 1 इनामी समेत 26 नक्सलियों ने सोमवार को लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया है। समर्पण करने वाले नक्सलियों के तहत योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। समर्पित नक्सलियों में कोराजगुड़ा (कोरोस) पंचायत जनताना सरकार अध्यक्ष जोगा मुचाकी पिता स्व सोमड़ा मुचाकी उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी दंतेशपुरम पटेलपारा थाना भेजी जिला सुकमा में एक लाख रुपए का इनाम था। किस्टाराम एरिया कमेटी सीएनएम सदस्य वेको देवा पिता वेको हुंगा उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी दंतेशपुरम पुजारीपारा थाना भेज्जी जिला सुकमा, अरनपुर पटेलपारा कमेटी सदस्य मुया कोवासी पिता कोसा कोवासी उम्र 29 वर्ष निवासी अरनपुर पटेलपारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा शामिल हैं। ककाड़ी पंचायत मिलिशिया सदस्य जग्गू वेट्टी पिता हड़मा वेट्टी उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी मेड़पाल थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा, पट्टिपाल पंचायत सीएनएम सदस्य बिमला कुंजाम पिता सनकू कुंजाम उम्र लगभग 17 वर्ष निवासी कोण्डापाल पटेलपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर, ग्राम कोण्डापाल डीएकेएमएस सदस्य सुरेश कुमार कड़ियाम पिता स्व जोगा कड़ियाम उम्र लगभग 22 वर्ष निवासी कोण्डापाल बीचपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर शामिल हैं। ग्राम पेडका सीएनएम सदस्या जोगी मण्डावी पिता पिता स्व कोसा मण्डावी निवासी उम्र लगभग 16 वर्ष निवासी पेड़का ऊपरपारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा, ग्राम पेडका केएएमएस सदस्या नंदे माड़वी पति स्व नंदा माड़वी उम्र लगभग 38 वर्ष निवासी पेड़का ऊपरपारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा, ग्राम पेडका केएएमएस सदस्या गंगी मण्डावी पिता स्व आयतु मण्डावी उम्र लगभग 38 वर्ष निवासी पेड़का ऊपरपारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा ने समर्पण किया है। ककाड़ी पंचायत केएएमएस सदस्या मासे वेट्टी पति स्व मासा उर्फ पोदिया वेट्टी उम्र 42 वर्ष निवासी मेडपाल पटेलपारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा, ग्राम पेडका सीएनएम सदस्या जोगी माड़वी पिता आयतु माड़वी उम्र लगभग 18 वर्ष निवासी पेड़का ऊपरपारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा, तोड़मा पंचायत मिलिशिया सदस्य महादेव उर्फ जटेल पोयामी ▶▶| शेष पेज 12 पर



**योजना के तहत मिलेंगे सभी लाभ**

पुलिस अधीक्षक द्वारा आत्मसमर्पित नक्सली को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुनर्वास योजना के तहत 25-25 हजार रुपए प्रोत्सहन राशि एवं पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ दिलाए जाएंगे।

# नक्सलियों ने पुलिस कैंप पर की फायरिंग

## जवाबी कार्रवाई में माओवादी भागे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/बीजापुर

नक्सलियों द्वारा पांच राज्यों में बंद के दौरान सोमवार को अंदरूनी इलाकों में यात्री बसों व टैक्सियों के नहीं चलने से लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। वहीं इस दौरान बीजापुर जिले के आवापल्ली, बासागुड़ा, उसूर, मद्देड़, भोपालपटनम, तारलागुड़ा, फरसेगढ़ में बंद का असर देखा गया। व्यापारियों ने अपनी दुकानें बदं रखी। वहीं माओवादियों द्वारा बीजापुर जिले के छुटवाही कैंप में बीजीएल से हमला किया गया, लेकिन जवाबी कार्रवाई में नक्सली ▶▶| शेष पेज 12 पर

- आवापल्ली, बासागुड़ा, उसूर, तारलागुड़ा, मद्देड़, फरसेगढ़ में बंद का दिखा असर

### प्रशासन ने की थी प्रतिष्ठान खोलने की अपील

*भोपालपटनम में एक दिन पूर्व जिला प्रशासन द्वारा दुकानें खोलने की व्यापारियों से अपील की गई थी। इसका आशिंक असर देखा गया और कुछ दुकाने खुली रही। लेकिन जिले के आवापल्ली, बासागुड़ा, उसूर, मद्देड़, तारलागुड़ा, फरसेगढ़ में बंद का असर देखा गया। व्यापारियों ने अपनी दुकानें बदं रखी थी। वहीं इन इलाकों में यात्रियों को काफी परेशानी हुई यात्री बसों के अलावा टैक्सी भी नहीं चली।*

## खबर संक्षेप

### भाजपा प्रत्याशी ने सिहावा विस में किया जनसंपर्क

**कांकेर।** धमतरी जिले के सिहावा विधानसभा क्षेत्र में कुकरेल और नगरी मंडल में भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग ने 15 अप्रैल को जनसंपर्क किया इस दौरान उन्होंने सिंगपुर, जबर्रा, कौहाबाहरा, गुहाननाला जैसे लगभग एक दर्जन गांवो में आमजनता से रूबरू हुए। भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग अलग गांव में छोटी छोटी सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव में महज कुछ ही दिन का समय शेष है, हमे कांकेर के विकास के लिए एक ऐसी सरकार चुननी है, जो अंतिम व्यक्ति के विकास को लक्ष्य बनाकर चलती हो। बीजेपी के संकल्पपत्र को ऐतिहासिक बताया उन्होंने कहा इसमें गांव, गरीब और किसान के सर्वांगीण विकास की बात कही गई है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह केवल संकल्प पत्र नही, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है और हम सभी जानते है मोदी की गारंटी हमेशा पूरी होती है।

# जनता से किए वादों को सीएम विष्णुदेव ने किया पूरा : विक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छोटे कापसी



शिव काली मंदिर कापसी प्रांगण में सोमवार को विधायक विक्रम उसेंडी ने कापसी भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं की बैठक लिया और लोकसभा चुनाव की तैयारी पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के पक्ष में भारी मतों से विजयी बनाने की बात कही। विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जनता से किए गए वादों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के नेतृत्व में सभी वादों को पूरा किया। शिव काली मंदिर कापसी प्रांगण में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि जैसे राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख से अधिक परिवारों को आवास की मंजूरी दी। सरकार किसानों से प्रति एकड़ 3100 रुपये में 21 क्विंटल धान खरीदने की अपने वादे को पूरा किया है और दो साल का बकाया बोनस भी किसानों को दिया गया।

# सम्लेश्वरी एक्सप्रेस का पहिया आज से 25 तक के लिए थमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रेल लाइन दोहरीकरण कार्य के चलते हावड़ा से जगदलपुर चलने वाली समलेश्वरी एक्सप्रेस 16 से 25 अप्रैल तक थम जाएगी। सम्लेश्वरी एक्सप्रेस से जगदलपुर और पडोशी प्रांत ओडिशा का व्यापार प्रभावित होगा। छत्तीसगढ़ के बस्तर और ओड़िशा के रायगढ़ा,कोरापुट के व्यापारी खासकर कपड़ा, मनिहारी, प्लास्टिक और पान का सबसे ज्यादा खरीदारी पश्चिम बंगाल के कोलकाता पर निर्भर है। ऐसे में ट्रेन नहीं चलने से इन 10 दिनों तक प्रान्त के व्यापारियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। बस्तर को पश्चिम बंगाल से जोड़ने वाली समलेश्वरी एक्सप्रेस नहीं चलेगी। इसके चलते कोलकाता जाने वाले यात्रियों को टिटलागढ़ जाकर यह ट्रेन पकड़नी होगी। वाल्टेयर रेल मंडल ने इस असुविधा के लिए खेद प्रकट किया है। प्रतिदिन सुबह साढ़े 5 बजे जगदलपुर स्टेशन ▶▶| शेष पेज 12 पर

- बस्तर का व्यापार-व्यवसाय होगा प्रभावित




### यात्रियों में नाराजगी

रेल लाइन दोहरीकरण और मेंटनेंस या इलेट्रिकल वर्क के नाम पर आए दिन समलेश्वरी एक्सप्रेस प्रभावित हो रही है। ग्रीष्म कालीन अवकाश के चलते बस्तर से घूमने या व्यवसायिक कार्य से हावड़ा जाने वाले लोगों की यात्रा बाधित हो गई है। इस ट्रेन के यात्रियों को टिकट कैंसल करवानी होगी। जगदलपुर से 232 किमी दूर टीटलागढ़ जाकर यह ट्रेन पकडनी होगी। समलेश्वरी एक्सप्रेस को फिर 10 दिनों के लिए बाधित किए जाने से यात्रियों में काफी नाराजगी देखी जा रही है।

# वाणी, सफीरा व अनिता की जो पहचान है वह कांग्रेस के कारण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राजीव भवन में महिला कांग्रेस की अध्यक्ष लता निषाद, निगम अध्यक्ष कविता साहू, प्रदेश सचिव अपर्णा बाजपेयी व एनएसयूआई महासचिव ज्योति राव ने संयुक्त पत्रकारवार्ता में कहा कि भाजपा में शामिल हुई वाणी राव, सफीरा साहू और अनिता रावटे की पहचान कांग्रेस के कारण है। कांग्रेस ने महिलाओं को पद भी दिये और सम्मान भी दिया। वाणी राव बिलासपुर की महापौर कांग्रेस की टिकट पर जीत कर बनी थी, जब वे विधायक का चुनाव हार गई तो लोकसभा की टिकट का दावा बेमानी था। वाणी राव आया राम-गया राम वाली नेत्री है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु देश की प्रथम नागरिक हैं। नए संसद भवन और रामलला के मंदिर उद्घाटन में उन्हें आमंत्रित नहीं ▶▶| शेष पेज 12 पर

- अपने भ्रष्टाचार को छुपाने भाजपा में शामिल हुईं महापौर, बेबुनियाद व अनर्गल टिप्पणी कर रहीं : कविता

## पीएम मोदी नारी सशक्तिकरण के लिए जितना काम कर रहे, आजादी के बाद किसी ने नहीं किया : अनिता

# प्रधानमंत्री का नारियों के प्रति सम्मान हमें भाजपा में खींच लाया : वाणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हम किसी पद की लालसा के लिए कांग्रेस नहीं छोड़े, वरन प्रधानमंत्री का नारियों के प्रति सम्मान हमें भाजपा में खींच लाया। नरेन्द्र मोदी ने नारी सशक्तिकरण के लिए जितना काम किया और कर रहे हैं आजादी के बाद कभी इतना काम नहीं हुआ। राहुल गांधी की बातों में गम्भीरता नहीं है, उनकी किसी भी बात को देश की जनता गम्भीरता से नहीं लेती, वे जुमलेबाजी ज्यादा करते है। यही कारण है कि छग विधानसभा चुनाव 2018 में भूपेश बघेल की सरकार ने जो भी घोषणाएं की एक भी पूरा नहीं कर पाए। उक्त बातें हाल ही कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामने वाली तीन नेत्रियां बिलासपुर की पूर्व महापौर वाणी राव, जगदलपुर की महापौर सफिरा साहू और महासमुंद नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष रही अनिता रावटे ने सोमवार को संयुक्त प्रेसवार्ता में कही। वाणी राव ने कहा प्रधानमंत्री नारी सशक्तिकरण पर जो योजना चला रहे उससे छत्तीसगढ़ ही नही पूरे देश की महिलाओं को भरोसा है। वे जो बोलते है, उसे हर हाल में पूरा करते है। फिर वह चाहे मुस्लिम महिलाओं के लिए तीन तलाक खत्म करने का हो, महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का हो और अभी हाल में नारी वंदन योजना के जरिये महिला सशक्तिकरण के लिए जो योजना चलाई पूरे देश की महिलाओं में मोदी जी के प्रति एक विश्वास जागा है। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते कहा पश्चिम ▶▶| शेष पेज 12 पर

- राहुल जुमलेबाजी में एक्सपर्ट, पहले भी चुनाव में किये वायदे एक भी पूरा नहीं किए




### रेडी टू-इट योजना महिलाओं से छीन उन्हें बेरोजगार बनाया

सफिरा साहू ने कहा कांग्रेस में महिलाओ का सम्मान नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष को शिकायत के बाद भी जिलाध्यक्ष पर कार्रवाई न कर उन्हें संरक्षण देने का काम किया गया। प्रदेश की तत्कालीन कांग्रेस सरकार रेडी-टू-इट का काम महिला स्वसहायता समूह से छिन उन्हें बेरोजगार किया। नरवा, धुरवा, गरुवा, बाड़ी योजना कैसे संचालित है यह प्रदेश और बस्तर की जनता अच्छे से जानती है।

### कोरोना महामारी में देश को बचाया

अनिता रावटे ने कहा एक सशक्त नारी उत्थान के लिए प्रधानमंत्री के कार्यों ने भाजपा प्रवेश करने का मार्ग प्रशस्त किया। खासकर कोरोना काल में जिन महिला सामाजिक कार्यकर्ताओं को वैक्सीन देने प्राथमिकता दिया और पूरे देशवासियों को कोरोना जैसे महामारी से बचाने का काम किया उसे पूरे देशवासी कैसे भूल सकते हैं। नरेन्द्र मोदी के प्रयास से नारी सम्मान के लिए संवैधानिक ढांचे में बदलाव आया। खासकर राशनकार्ड में महिला मुखिया, पीएम आवास में महिला मुखिया, शिक्षा, स्वास्थ्य पर महिलाओं पर जोर देना और सबसे बड़ा 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण देना यह भाजपा और प्रधानमंत्री के कार्य को दर्शाता है। पहले गांव की महिला खुले में शौच करने पर मजबूर थी, जिसे खत्म करने हर घर शौचालय अभियान चलाकर प्रधानमंत्री ने महिलाओं का मान बढ़ाया। हर गरीब महिला जो धुएं से परेशान रहती थी उन्हें मुक्त रसोई गैस सिलिंडर की व्यवस्था उपलब्ध कराई।


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

**खबर संक्षेप**



## मां शीतला मंदिर मड़ेली में जले आस्था के दीप

**जीजामगांव।** चैत्र नवरात्रि में ग्राम मड़ेली के शीतला मंदिर दरबार में 135 मनोकामना दीप प्रज्वलित किए गए है। घी की 6 ज्योति प्रज्वलित हो रही है। प्रतिदिन श्रद्धालु मां की जस सेवा कर रहे हैं। सेवागीत से मां को याद किया जा रहा है। शनिवार को देवी पंचमी पर श्रद्धालुओं ने मां शीतला को सोलह श्रृंगार अर्पण किया। देवी-देवताओं की पूजा अर्चना कर गांव की सुख, समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई। शीतला मंदिर में रोजाना भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। जोत की सुरक्षा के लिए मां के भक्त जुटे हुए हैं। यह जानकारी बैगा निरंजन निषाद ने दी है।

## रुद्र वारियर्स ने जीता कोसमर्रा प्रीमियर लीग का खिताब

**कोर्रा (भखारा)।** ग्राम कोसमर्रा में कोसमर्रा प्रीमियर लीग का आयोजन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमती तारिणी नीलम चंद्राकर सभापति जिला पंचायत धमतरी, विवेक साहू, नवदीप गौर व विशिष्ट अतिथि अमित बनपेला, देवराज नेताम, दीनानाथ साहू, रूपचंद साहू, गोलू साहू थे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 50000 रुद्र वारियर्स एवं द्वितीय पुरस्कार 30000 एसके इलेवन कोसमर्रा की टीम को दिया गया। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी शुभम शर्मा रहे। इस आयोजन में यंग स्पोर्ट्स समिति के डॉ कुलेश्वर साहू, नेमू निर्मलकर, हेमंत बंजारे, किशोर तारक, प्रेम साहू, मुरली मरकाम, उत्तम साहू, गुलशन सेन, मनीष यादव, कुणाल ध्रुव, दीपक डीजे, तोकेश साहू, दानी साहू, अजय ध्रुव का योगदान रहा।

## आईपीएल मैच का नेटवर्क पर पड़ रहा असर



**अंवरी।** इन दिनों जिओ सिम उपभोक्ताओं को नेटवर्क की भारी समस्या से गुजरना पड़ रहा है। हाल ही में शुरू हुए आईपीएल मैच ने आम लोगों को नेटवर्क संकट में डाल दिया है। बता दें कि जैसे ही आईपीएल मैच प्रारंभ हुआ तब से अधिकतर युवा अपने स्मार्टफोन में मैच का लुत्फ उठाना शुरू कर दिए हैं जिसके चलते नेटवर्क धीमा हो गया है। खासकर जिओ सिम उपभोक्ताओं को नेटवर्क समस्या ने ज्यादा घेर रखा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि किसी के पास भी फोन करने पर व फोन आने पर आवाज कटने की समस्या उत्पन्न हो रहा है व इंटरनेट चालू करने पर वीडियो, फ़ोटो डाऊनलोड नहीं हो रहा है। आज युवा पीढ़ी व नौकरीपेशा वर्ग फोन में ही अपना मनोरंजन व आधे से ज्यादा काम का निदान करते हैं लेकिन धीमा नेटवर्क की वजह से व्यवस्था चरमरा गई है।

**लापरवाही : ग्राम कोनगुड में निर्माणधीन पानी टंकी की सीढ़ी व प्लेटफार्म गिरने का मामला**

# घटिया निर्माण पर पीएचई के एसडीओ सब इंजीनियर और ठेकेदार को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव

ब्लाक अंतर्गत ग्राम कोनगुड में जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन का विस्तार और पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है। गुणवत्ताहीन कार्य के चलते निर्माणाधीन पानी टंकी की सीढ़ी और प्लेटफार्म धराशायी हो गया। इस खबर को 14 अप्रैल को प्रमुखता से हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित किया गया था। खबर प्रकाशन के बाद विभाग के उच्च अधिकारी द्वारा सम्बंधित ठेकेदार और विभाग के सब इंजीनियर और एसडीओ को नोटिस जारी किया गया है ।

■ जल जीवन मिशन के तहत हरिजन पारा में 11 लाख की लागत से हो रहा निर्माण

ग्राम कोनगुड में जल जीवन मिशन के तहत 11 लाख रुपए की लागत की हरिजनपारा में एक पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है । ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग के सब इंजीनियर और एसडीओ द्वारा समय समय पर निरीक्षण नहीं करने के चलते ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से गुणवत्ताहीन कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते बुधवार की रात हरिजनपारा में बनाई जा रही पानी टंकी की सीढ़ी और प्लेटफार्म धराशायी हो गया । पानी टंकी की सीढ़ी और प्लेटफार्म गिरने की खबर को 14 अप्रैल को हरिभूमि समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। जिसके बाद पीएचई के कार्यपालन अभियंता हरि सिंग मरकाम ने खबर को संज्ञान में लेते हुए मौके पर पहुँचकर निरीक्षण किया,निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन पाया गया। जिसके बाद पीएचई के एसडीओ किशोर कोहले और सब इंजीनियर आरपी जोशी के साथ सम्बंधित ठेकेदार अरशद अली को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।


गड़बड़ी : जल जीवन मिशन योजना के तहत कोनगुड़ में जारी पानी टंकी निर्माण में लोचा उजागर

निर्माणाधीन टंकी की सीढ़ी और प्लेटफार्म ध्वस्त, पानी के लिए फिर मचेगी त्राहि-त्राहि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव

फिर होना पड़ेगा पानी की लिए परेशान

मैं जानकारी नहीं दे पाऊंगा

### नई सीढ़ी बनाई जाएगी: ईई



पीएचई के ईई हरिसिंग मरकाम ने बताया कि पानी टंकी निर्माण कार्य मे लापरवाही बरती गई है। एसडीओ और सब इंजीनियर की लापरवाही के कारण ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन कार्य किया गया, जिससे टंकी की सीढ़ी और प्लेटफार्म गिर गया। ग्राम कोनगुड में जाकर निरीक्षण किया गया, जिसमें कमियां पाई गई। ठेकेदार को गिरी सीढ़ी के मलवा को हटाने के लिए कहा गया है। फिर से नई सीढ़ी बनाने कहा गया है ।

## पंचमी पर देवी को श्रद्धालुओं ने भेंट की श्रृंगार सामग्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

चैत्र नवरात्रि में ग्राम जीजामगांव के महामाया मंदिर में मनोकामना के 50 दीप एवं शीतला मंदिर में 120 मनोकामना जोत प्रज्वलित किए गए है। प्रतिदिन श्रद्धालु मां की जस सेवा कर रहे हैं। सेवागीत से मां को याद किया जा रहा है। शनिवार को पंचमी पर मां महामाया को सोलह श्रृंगार श्रद्धालुओं ने अर्पण किया। यह जानकारी भारत धीवर ने दी है।



कुरूद में हुआ विधानसभा स्तरीय भाजपा का व्यापारी सम्मेलन

## भाजपा के 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

भाजपा कार्यालय कुरूद में विधानसभा स्तरीय भाजपा का व्यापारी सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन में केदारनाथ गुप्ता भाजपा प्रवक्ता पूर्व प्रदेश संयोजक व्यापारी प्रकोष्ठ, आशु चन्द्रवंशी भाजपा विधानसभा प्रभारी, भाजपा विधानसभा संयोजक भानु चन्द्राकर एवं व्यापारी प्रमुखों ने मार्गदर्शन दिया। सभी ने मोदी को पुनः प्रधानमन्त्री बनाने रूपकुमारी चौधरी को जिताने का संकल्प लिया।

शनिवार को आयोजित व्यापारी कार्यकर्ता सम्मेलन में कुरूद, भखारा एवं मेघा के सैकड़ों व्यापारी ने देश की सुरक्षा और अर्थव्यवस्था को विकसित भारत में तब्दील करने मोदी को सबके सहयोग से पुनः प्रधानमन्त्री बनाने व 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प लिया।

मौके पर व्यापारी संघ कुरूद के अध्यक्ष योगेन्द्र सिन्हा, व्यापारी संघ भखारा से सुमीत पांडे, राइसमिल एसोसिएशन से सुरेश महावर, सराफा व्यापारी संघ से त्रिलोकचंद जैन, मेघा व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष संतोष सोनी, भाजपा ज़िला उपाध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, श्याम साहू, भीमदेव साहू, मालकराम साहू, अनिल चन्द्राकर, छत्रपाल बैस, मोहन अग्रवाल, रामस्वरूप साहू, कुलेश्वर चन्द्राकर, कृष्णकांत साहू, सुरेश अग्रवाल, हरि सोनवानी, आदर्श चन्द्राकर, लोकेश्वर सिन्हा, रवि चन्द्राकर, सुरेश वर्धयानी, मुरली सादिजा, राजू शर्मा, सुनील चन्द्राकर, राजेश चैनवानी, महेश केला, विकास चन्द्राकर, हरीश केला, मनोज केला, वीनू साहू, अनिल बजाज, राजेन्द्र गुप्ता, गौतम जैन, झम्मन साहू, दीनानाथ साहू, मन्नू निषाद, राजेश साहू, भूषण साहू सहित आर्थिक एवं व्यापार प्रकोष्ठ के सैकड़ों कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।



## गुरुद्वारे में गूंजा शबद कीर्तन लंगर में भक्तों ने प्रसाद पाया

■ सिक्ख एवं सिंधी समाज ने बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

सिक्ख एवं सिंधी समाज नगरी ने बैसाखी पर्व हर्षोल्लाह से मनाया। लंगर में सभी ने प्रसादी ग्रहण किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा नगरी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। खालसा पंथ के स्थापना दिवस बैसाखी का सिक्ख समाज के साथ गहरा संबंध है। पूरे देश में बैसाखी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। इसी कड़ी में नगरी में बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया । गौरतलब है कि 1699 में सिक्खों के दसवें गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी तब से बैसाखी पर्व मनाया जाता है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान अनिल वाधवानी ने नगरवासियों को बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं दी। सिक्ख एवं सिंध समाज के संगत द्वारा सुबह 10:30 बजे शब्द कीर्तन किया गया तत्पश्चात गुरु के आम लंगर का आयोजन हुआ। समाजसेवी गोलू सोनी ने गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा नगरी के लिए कूलर की सेवा प्रदान की। कार्यक्रम में ज्ञानी हैप्पी सिंह, सुरजीत सिंह खनूजा, कोमल पंजाबी, ममता मोटवानी, ज्योति खनूजा, रणदीप खनूजा, प्रेमचंद वाधवानी का विशेष योगदान रहा। गुरु की लंगर सेवा में विक्की खनूजा, जसपाल सिंह खनूजा, उमंग खनूजा, जगजीत खनूजा, जयदीप खनूजा, प्रेम वाधवानी, बलजीत छाबड़ा, अमरजीत सिंह भाटिया, रंजीत खनूजा, गोलू वाधवानी, शंकर पंजाबी, राकेश नारंग, सुरेश नारंग, रमेश टहलवानी, गिरधर टहरवानी, दयाल टहलवानी, राजकुमार टहलवानी, विनय नारंग के साथ ही सिक्ख एवं सिंधी समाज के संगत ने उपस्थिति देकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त की।



भाजपा मंडल ने मनाई डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती, उनके योगदान को किया याद

## डॉ. भीमराव आंबेडकर सामाजिक समरसता के अमर पुरोधा थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 में भारतीय जनता पार्टी मंडल नगरी द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। बाबा भीमराव अंबेडकर के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के संघर्षों ने लाखों लोगों के भीतर उम्मीद जगाई। बाबा साहेब भारतीय संविधान के शिल्पकार होने के साथ-साथ सामाजिक समरसता के अमर पुरोधा थे जिन्होंने शोषितों और वंचितों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण और गौरव का क्षण है जब हम समाज में न्याय और समानता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोबारा संजोते हैं । अंबेडकर जयंती हमें उन महान विचारक समाजसेवी और संविधान कार्य की याद दिलाती है जिन्होंने अपने जीवन को समाज को न्याय और समानता की दिशा में बदलने के लिए समर्पित किया। भीमराव अंबेडकर ने अपने विचारों और कार्यों के माध्यम से भारतीय समाज में जातिवाद असमानता और अधिकारों के बारे में जागरूकता पैदा की। उनकी समाज सेवा और आंदोलन कार्य भारतीय समाज को समग्र रूप से प्रभावित किया । उनके द्वारा लिखित भारतीय संविधान में भारतीय नागरिकों को स्वतंत्रता समानता और न्याय का अधिकार प्रदान किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजय नाहटा, विधानसभा संयोजक नागेंद्र शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, पूर्व पार्षद बलजीत छाबड़ा, जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, अजजा मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र नेताम , बूथ अध्यक्ष असकरण पटेल, उद्धव लाल साहू, रवि भट्ट, हनी कश्यप, दुर्गेश साहू, भोला शर्मा, रवेद्र साहू, कुलेश साहू, अनिरुद्ध साहू, हेमू सेन, सुरेंद्र लोन्हारे, गौरव लोन्हारे, कृष्ण रंजन वैदे, शीला बाई कुटारे, कांति लोन्हारे, सोनू रामटेके, कविता रामटेके, दीपक गोंडाने, योगेश गोंडाने, जीवन कुटारे, उर्मिला शिंदे, नेहा वैदे मौजूद थे।



**महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा, गूंजे जय-जय श्रीराम के जयकारे**

# राजपुर में निषाद समाज ने मनाई गुहा जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

ग्राम राजपुर में निषाद समाज द्वारा भक्त गुहा निषाद राज जयंती धूमधाम से मनाई गई। शनिवार को निषाद समाज भवन में सत्यनारायण कथा व भक्त गुहा निषाद राज की पूजा-अर्चना पश्चात ठेले में सवार कर महिलाओं और बच्चों ने सिर पर कलश धारण कर बाजे-गाजे के साथ गली भ्रमण किया। गली भ्रमण में जय-जय श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। गांव में जगह-जगह भक्त गुहा निषादराज की पूजा हुई। कार्यक्रम के अतिथि फगनू राम निषाद अध्यक्ष 22 पाली निषाद समाज देवपुर परिक्षेत्र , परमा निषाद कोषाध्यक्ष 22 पाली देवपुर परिक्षेत्र, अर्जुन निषाद अध्यक्ष मछुआ सहकारी समिति, कृष्णा निषाद रहे। रात्रि में वीर कचना ध्रुवा मानस मंडली डाभा की प्रस्तुति रही।

इस अवसर पर गोपाल निषाद ग्रामीण निषाद समाज अध्यक्ष, ध्रुव निषाद उपाध्यक्ष, नंदलाल निषाद कोषाध्यक्ष, राकेश निषाद सचिव, शंभू निषाद, सुंदरलाल, होरीलाल निषाद, ओमप्रकाश निषाद, तिहारू निषाद, दयालुराम, बल्दूराम, रामकृष्ण निषाद, टुम्मन निषाद, भूषण निषाद, मनराखन निषाद, थानू निषाद, बलीराम, टार्जन, ईश्वर, नंदू, टीकम, अशोक, राजू, सेवक, मधु निषाद, पवन निषाद, सुखीत निषाद, अगर बाई, अहिल्या बाई, रूक्मणि निषाद समेत बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।



## पेज 11 के शेष

### वर्राटू से प्रेरित हो ....

पिता स्व सुदराम पोयामी उम्र लगभग 17 वर्ष निवासी तोड़मा स्कूलपारा थाना बारसूर जिला दन्तेवाड़ा, फुलगट्टा पंचायत डीएकेएमएस सदस्य श्याम लाल उर्फ दूला भास्कर पिता स्व लक्ष्मण भास्कर उम्र लगभग 27 वर्ष निवासी फुलगट्टा गोरूडपारा स्कूलपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर ने समर्पण किया है। समर्पण करने वालों फुलगट्टा पंचायत डीएकेएमएस सदस्य भूनेश कड़ती पिता सुदरू कड़ती उम्र लगभग 22 वर्ष निवासी फुलगट्टा गोरूडपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर, फुलगट्टा पंचायत मिलिशिया सदस्य शंकर लाल लेकाम पिता बैसाखू लेकाम उम्र 29 वर्ष निवासी फुलगट्टा तेलंगापारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर, ग्राम डेगमेट्टा कमेटी सदस्य बुधराम नेगी पिता सोमलू नेगी उम्र लगभग 29 वर्ष निवासी डेगमेटा थाना मिरतुर जिला बीजापुर, फुलगट्टा पंचायत डीएकेएमएस उपाध्यक्ष सोमलू उर्फ सोमू पोटाम पिता स्व मासा पोटाम उम्र लगभग 28 वर्ष निवासी दोरागुंड़ा ओकेमपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर शामिल हैं। मार्जूम पंचायत मिलिशिया सदस्य सन्नू माड़वी पिता पाण्डू राम माड़वी उम्र लगभग 18 वर्ष निवासी मार्जूम हुरार्पारा थाना कटेकल्याण जिला दन्तेवाड़ा, मार्जूम पंचायत मिलिशिया सदस्य मासो माड़वी पिता पाण्डू माड़वी उम्र लगभग 26 वर्ष निवासी मार्जूम हुरापारा थाना कटेकल्याण जिला दन्तेवाड़ा, ग्राम ऐटेपाल बिलईपारा केएएमएस सदस्या मंगो माड़वी पति पाण्डू माड़वी उम्र लगभग 32 वर्ष निवासी ऐटेपाल बिलईपारा थाना कुआकोण्डा जिला दन्तेवाड़ा, ग्राम ऐटेपाल मिलिशिया सदस्य पाण्डू माड़वी पिता स्व जोगा उर्फ सिंगा माड़वी उम्र लगभग 42 वर्ष निवासी ऐटेपाल बिलईपारा थाना कुआकोण्डा जिला दन्तेवाड़ा, ग्राम ऐटेपाल जीआरडी सदस्य हड़मा ताती पिता बोर्रा ताती उम्र लगभग 39 वर्ष निवासी ऐटेपाल आसूपारा थाना कुआकोण्डा जिला दन्तेवाड़ा, नीलावाया पंचायत कृषि शाखा अध्यक्ष नंदा उर्फ वार्रे रव्वा पिता हड़मा रव्वा उम्र 36 वर्ष निवासी नीलावाया पटेलपारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा (आधार कार्ड में नंदा कोर्राम अंकित है), फुलगट्टा पंचायत जनताना सरकार सदस्य सुद्दू कड़ती पिता स्व मंगू कड़ती उम्र लगभग 38 वर्ष निवासी फुलगट्टा करियारपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर ने समर्पण किया है। श्याम लाल कड़ियाम पिता स्व लक्खू कड़ियाम उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी कोण्डापाल पटेलपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर एवं फुलपाड़ पंचायत मिलिशिया डप्टी कमाण्डर हुंगा माड़वी पिता हिड़मा माड़वी उम्र 30 वर्ष निवासी पड़िया पटेलपारा थाना गादीरास जिला सुकमा ने सोमवार को पुलिस उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ विकास कठेरिया, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, कमाण्डेट 111वीं वाहिनी सीआरपीएफ नीरज यादव, कमाण्डेट 231वीं वाहिनी सीआरपीएफ सुरेन्द्र सिंह, कमाण्डेट 195वीं वाहिनी सीआरपीएफ राजीव कुमार समेत अन्य अधिकारियों के समक्ष आत्म समर्पण किया।

### नक्सलियों ने पुलिस ...

भाग गए। बंद को देखते हुए सुरक्षाबलों को अलर्ट रहने कहा गया था। बंद का फरमान नक्सलियों की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी एवं दक्षिण सब जोनल ब्यूरो की ओर से प्रेस नोट जारी कर किया गया था। इधर नक्सलियों के बंद के फरमान को देखते हुए बस्तर संभाग में अलर्ट जारी करते हुए पुलिस व सरुक्षाबलों को सतर्क रहते हुए नक्सलियों की गतिविधियों पर नजर रखने कहा गया था। बंद के दौरान बीजापुर के अंदरूनी इलाकों में यात्री परिवहन पूरी तरह बंद रही जिससे लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ा।

### सम्लेश्वरी एक्सप्रेस का...

से हावड़ा जाने वाली समलेश्वरी एक्सप्रेस को एक बार फिर 10 दिनों के लिए बाधित किया जा रहा है। रेल मण्डल द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया है कि 14 से 23 अप्रैल तक हावड़ा से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 18005 हावड़ा-जगदलपुर समलेश्वरी एक्सप्रेस टिटलागढ़ तक चलेगी। यही ट्रेन वापसी में ट्रेन संख्या 18006 बनकर 16 से 25 अप्रैल तक तक पूरे 10 दिन जगदलपुर के बजाय टिटलागढ़ से हावड़ा लौट जाएगी।

### वाणी, सफीरा व ....

किया गया। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे को भाजपा कितना सम्मान दे रही है अभी लोकसभा का चुनाव है तो महत्व मिल रहा होगा चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात। कविता साहू ने कहा महापौर सफिरा साहू प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज व जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य पर सम्मान ना करने का आरोप लगा रही है वह उनकी छोटी राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूरी ना हो पाने की खीझ हैं। आज सफीरा साहू कांग्रेस में नहीं रहती तो क्या महापौर बन सकती थी वो अपने भ्रष्टाचार को छिपाने और दबाने के लिए भाजपा में शामिल हुई हैं। परन्तु उनका भ्रष्टाचार का मामला क्या दबा दिया जाएगा। अनिता रावटे विधानसभा का चुनाव लड़ना चाहती थीं, उन्हें काग्रेस ने टिकट नहीं दिया तो वह असंतुष्ट होकर भाजपा में शामिल हो गई हैं। कांग्रेस ने जिस-जिस को पद दिया उन्होंने पार्टी से गद्दारी की। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए गरीब महिलाओं को कांग्रेस की सरकार एक लाख रुपए सालाना देने का संकल्प जुमला नहीं हो सकता। जुमलेबाज प्रधानमंत्री हैं जिनकी हर गारंटी जुमला साबित हुई है। इस दौरान पार्षद बी ललिता राव, एस नीला, ज्ञानेश्वरी जाधव, सरोज सेना मौजूद रहीं।

### प्रधानमंत्री का नारियों ...

बंगाल के सन्देशखाली की इतनी बड़ी घटना पर कांग्रेस ने चुप्पी साध ली। आज तक इस घटना पर विरोध में एक शब्द नहीं बोले। कांग्रेस का यही चरित्र महिलाओं को कचोटता है इसलिए वे कांग्रेस में अपने को असुरक्षित महसूस करने लगी। कांग्रेस में महिलाओं के लिए सम्मान नहीं है। छत्तीसगढ़ में 2018 से 2023 तक महिलाओं के साथ अनेक घटनाएं हुई भूपेश सरकार चुप बैठी रही। चुनाव के पूर्व कांग्रेस ने महिला सुरक्षा के लिए पूरे प्रदेश में अलग से महिला सेल गठन करने का वादा किया था, जिसे पूरा नहीं किया। कांग्रेस में अब लोकतंत्र बचा ही नहीं है। राहुल गांधी के बयान पर हर महिला को हर वर्ष 1 लाख देने को लेकर किए सवाल पर इसे राहुल का जुमला बताया। साथ ही भाजपा की तारीफ करते कहा कि एक आदिवासी महिला को देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति बनाया। छग में एक आदिवासी महिला को राज्यपाल बनाया। यहां तक दो दिन पहले प्रधानमंत्री ने बस्तर जैसे आदिवासी महिला नीलवती को सम्मान करते संकल्प पत्र भेंट करने के लिए चुना। प्रेसवार्ता में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुधा मिश्रा, प्रदेश मंत्री ममता राणा, महासचिव लक्ष्मी कश्यप, नगर अध्यक्ष गीता नाग, करमजीत कौर मौजूद थीं।

**खबर संक्षेप**

### गमछा पहनाकर कांग्रेस में स्वागत



**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के समक्ष शीतल यादव, भानु प्रताप यादव व स्वाति व्यास ने कांग्रेस की रीति नीति से प्रभावित होकर पार्टी का दामन थामा। जिलाध्यक्ष ने गमछा पहनाकर सदस्यता दिलाई। इस दौरान बस्तर जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष रोजविन दास मौजूद रहे।

### महिला कांग्रेस की सचिव ने छोड़ी पार्टी



**जगदलपुर।** महिला कांग्रेस सचिव संगीता सिंह ने भाजपा की विचारधारा से प्रेरित होकर भाजपा में प्रवेश किया। जिलाध्यक्ष रूपसिंह मंडावी तथा अन्य भाजपाईयों ने उनका स्वागत किया।

### कांग्रेसी कार्यकर्ता हूंगाराम ने किया भाजपा प्रवेश



**नकुलनार।** नकुलनार शक्ति केंद्र प्रभारी राघवेंद्र गौतम व धन्नु कोर्राम, मंगू अंतरा, कुम्माराम के नेतृत्व में भाजपा की रीति-नीति व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जानकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर आज ग्राम बूथ श्यामगिरी से कांग्रेसी कार्यकर्ता हुंगाराम कोर्राम ने भाजपा प्रवेश किया। भाजपा कार्यालय नकुलनार में बस्तर लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप व अजजा प्रदेश महामंत्री नंदलाल मुड़ामी ने हुंगाराम कोर्राम को फुल माला व भाजपा गमछा पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता रामबाबू सिंह गौतम, कुमार सिंह भदौरिया, चन्द्रपाल भदौरिया, मंडल अध्यक्ष सोमडू कोर्राम, गोविंद तिवारी, मंगल बघेल, सुमित भदौरिया, धुरुवाराम कुंजाम, राजीव चौहान, दाड़ोराम, लच्छुराम राणा, अभिषेक राठौर, चामसिंग, कमलेश सहित भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### बाबा साहेब के कार्यों को पूरा कर रहे नरेंद्र मोदी : गुप्ता



**जगदलपुर।** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती पर अंबेडकर वार्ड के तिरंगा चौक में प्रतिमा स्थल की सफाई के बाद माल्यार्पण कर बाबा साहेब अमर रहे भीमराव अंबेडकर अमर रहे के नारे लगाए गए और मिष्ठान वितरण कर जयंती मनाया गया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा कि भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती मनाते हुए भाजपा के कार्यकर्ता गर्व महसूस करते हैं। आज बाबा साहेब जैसे बहुप्रतिभा के धनी को विश्व पटल पर उनके जीवन की महत्वपूर्ण घटना स्थलों को चिन्हित कर, उन्हें पंच तीर्थ के रूप में विकसित करने का काम नरेंद्र मोदी ने किया। बाबा साहेब की सोच को पूरा करते हुए प्रधानमंत्री ने विगत 10 सालों में देश में समरसता, अंतिम व्यक्ति का विकास के मूल मंत्र को लेकर काम कर रहे हैं। वे हमेशा कहते हैं कि जिनको किसी ने नहीं पूछा, उनको मोदी ने पूजा है। इस अवसर पर महापौर सफीरा साहू, आशुतोष पाल, योगेश ठाकुर, निर्मल पाणिग्रही, करिया दीवान, राजेश शाह, सुशील प्रसाद, वसीम खान, केतन महानदी, अमित मेहरा, सूरज केसरवानी, कमल तांती, कृष्णा सेठिया, इंदिरा सिन्हा, पुष्पा तिवारी, कमल सेठिया, बसंती, सुजाता डेहरिया, धनमती, रमा, गोमती, रीना रॉय, भगवती सेठिया समेत कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नक्सल प्रभावित सुदूर इलाके में ग्रामीणों के लिए जीवनरेखा

# नक्सलियों के गढ़ जगरगुण्डा को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण हुआ पूरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

दंतेवाड़ा से किरंदुल पालनर से अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र जगरगुण्डा को जोड़ने वाले राज्य राजमार्ग संख्या-5 का कमारगुड़ा एवं जगरगुण्डा के मध्य 5.6 किमी सड़क निर्माण का कठिन एवं चुनौतीपूर्ण कार्य साकेत कुमार सिंह, भापुसे महानिरीक्षक छत्तीसगढ़ सेक्टर के दिशा निर्देशन, विकास कठेरिया भापुसे उप महानिरीक्षक परिचालन रेंज दंतेवाड़ा के मार्गदर्शन एवं सुरेन्द्र सिंह कमाण्डेंट 231 वीं वाहिनी के नेतृत्व में बिना किसी अप्रिय घटना के 12 अप्रैल को पूर्ण कर लिया है। यह निर्माण कार्य 6 अप्रैल 2022 को शुरू हुआ था तथा इसके निर्माण में इलाके में तैनात 231 बटालियन द्वारा प्रदान की गयी सुरक्षा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसके साथ ही कोण्डासावली को जगरगुण्डा से जोड़ने वाली 10.04 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य जो कि 21 अक्टूबर 2020 को शुरू हुआ था पूर्ण हो गया है। इसे पूरा होने में तीन वर्ष से अधिक का समय का लगा। यह सड़क निर्माण कार्य दो चरणों में पूरा हुआ, पहला चरण कोंडासावली से कमारगुड़ा तक 4.8 किमी जो कि 23 मई 2022 को पूर्ण हो गया था, तथा दूसरा चरण कमारगुड़ा से जगरगुणडा तक 5.6 किमी सबसे चुनौतीपूर्ण रहा। अब दंतेवाड़ा से जगरगुण्डा निर्बाध रूप से जुड़ गया है।

इस सड़क के निर्माण में 231 वाहिनी केरिपु बल का विशेष योगदान रहा है। निर्माणावधि के दौरान 231 वाहिनी केरिपु बल के द्वारा 1200 से अधिक कार्य दिवसों के दौरान 1200 सड़क सुरक्षा ड्यूटियों के साथ-साथ कुल 2861 सघन नक्सल विरोधी एवं सुरक्षा अभियान संचालित कर निर्माण कार्य में लगे मजदूरों, वाहनों एवं मशीनों को सुरक्षा प्रदान की गई, जो कि हमारे जवानों के अतुल्य साहस और दृढ़निश्चय का प्रतीक है ।

**सुरक्षाबलों के साहस एवं दृढ़निश्चय का है प्रतीक**

सड़क निर्माण के दौरान नक्सलियों के द्वारा निर्माण कार्य को बाधित करने के भरसक प्रयासों का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि निर्माण अवधि के दौरान आईईडी लगाने, रोड काटने से लेकर, वाहनों में आगजनी, आईईडी ब्लास्ट व निर्माण में प्रयुक्त वाहनों को आग लगाने जैसी तमाम घटनाओं को अंजाम देने की कोशिश की गई, किन्तु हमारे जवानों द्वारा अत्यन्त विषम परिस्थितियों में भी पूर्ण लगन, मेहनत, सावधानी एवं निष्ठा के द्वारा सड़क निर्माण एवं सुरक्षा ड्यूटी का निर्वहन कर लगभग 100 किलो से अधिक 17 आईईडी, 1136 स्पईक बरामद किए एवं 34 नक्सलियों को गिरफ्तार कर उनके निर्माण कार्य को बाधित करने के सभी प्रकार के इरादों को लगातार नाकाम किया गया। जवानों की इसी मेहनत के परिणाम स्वरूप लगभग दो वर्ष के बाद निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। यह सड़क स्थानीय नागरिकों को द्रुत चिकित्सा सेवा, सरल आवागमन के साथ-साथ और अब तमाम सुदूर के इलाकों, मसलन, जगरगुण्डा, नरसापुरम, बेदरे, उरसंगल, तोलवर्ती और सिलगेर के निवासियों को दंतेवाड़ा आने के लिए अब दोरनापाल के रास्ते जाने के बजाय सीधे जगरगुण्डा से दन्तेवाड़ा आना आसान होने के साथ, दूरी में भी काफी कमी आई है। अब सुदूर गाँवों के लोगों के लिए जिला मुख्यलाय दंतेवाड़ा पहुँचाना आसान हो जाएगा।

## कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

# नोडल अधिकारी निर्वाचन दायित्व को पूरी शिद्दत से करें : कलेक्टर






हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के.ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए आगामी 19 अप्रैल को मतदान होगा।

इसे मद्देनजर रखते हुए सभी नोडल अधिकारी अपने निर्वाचन दायित्व को पूरी शिद्दत से निर्वहन करें। निर्वाचन सम्बन्धी दायित्व को सफलतापूर्वक सम्पादित करने के लिए आपसी समन्वय स्थापित करें। कलेक्टर विजय सोमवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत नोडल अधिकारियों की बैठक में मतदान के लिए तैयारी की विस्तृत समीक्षा करते हुए उक्त निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान हेतु स्ट्रांग रूम से मतदान दलों को व्यवस्थित रूप से सामग्री वितरण पश्चात उनकी रवानगी, मतदान पश्चात सकुशल वापसी और ईव्हीएम तथा अन्य मतदान सामग्री को जमा करने, मतदान दलों एवं सेक्टर ऑफिसर और सुरक्षाबलों के लिए वाहनों एवं ईंधन की व्यवस्था, मतदान के लिए सुरक्षा व्यवस्था, मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग एवं विडियोग्राफी की व्यवस्था, माइक्रो आब्जर्वर की ड्यूटी, निर्वाचन दायित्व वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा, सुरक्षा बलों के जवानों को डाक मतपत्र से मताधिकार का उपयोग करने की व्यवस्था इत्यादि की विस्तारपूर्वक जानकारी ली और स्ट्रांग रूम में मतदान दलों हेतु पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता, भोजन की व्यवस्था, पार्किंग की समुचित व्यवस्था, नियमित विद्युत आपूर्ति एवं जनरेटर की वैकल्पिक व्यवस्था, आवश्यक दवाईयों एवं उपकरणों के साथ चिकित्सा दल की तैनाती सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मतदान दिवस पर प्रत्येक ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकाय में वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगों को घर से मतदान केन्द्र तथा मतदान केन्द्र से घर तक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दिव्यांग रथ संचालित किये जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, वन मण्डलाधिकारी उत्तम गुप्ता सहित सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

## बाबा साहेब का मूलमंत्र शिक्षित बनो संगठित रहो और संघर्ष करो



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने रविवार को संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती मनाया। जिला संयोजक सपन देवांगन ने कहा कि वे भारतीय संविधान के जनक ही नहीं पहले कानून मंत्री भी थे। यदि संविधान नहीं लिखा गया होता तो आज भी ऊंच-नीच की खाई, अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य, समता, स्वतंत्रता व आपसी भाईचारा से नहीं रह पाते। बाबा साहेब ने विश्व के सबसे बड़े भारतीय संविधान की रचना की, जिससे हम सभी अपने मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों से अवगत हुए। बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है, तभी देश आगे बढ़ेगा। अधिवक्ता प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष झरना बांगर ने कहा कि बाबा साहेब दलित समुदाय के एक अत्यंत साधारण परिवार में जन्मे विलक्षण प्रतिभा के धनी महापुरुष थे। उन्होंने संविधान का निर्माण कर आजाद भारत में लोकतंत्र की नींव रखी।

नरेंद्र पाणिग्राही ने कहा देश में आज पंच से लेकर प्रधानमंत्री तक जितने भी जनप्रतिनिधि हैं वो बाबा साहेब के इसी संविधान के बदौलत है। इस दौरान विधि प्रकोष्ठ के कृष्णकुमार सिंह, गणेश दहिया, विपिन मालवीय, विक्की प्रधान, अमित प्रधान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोंड

बस्तर लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत आज बस्तर विकास खंड के माध्यमिक शाला घाटकवाली में खण्ड स्रोत समन्वयक विकास खण्ड बस्तर के निर्देशन एवं संस्था प्रभारी मनोज साव के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

मतदाता जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य गांव के लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करना, साथ ही 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग करने के प्रेरित करना था। स्कूली बच्चों के द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर एवं अनेक प्रकार के स्लोगन के द्वारा गांव के लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करने का प्रयास किया गया। रैली के दौरान स्कूली बच्चों ने अच्छे मतदाता बने, आओ अपनी सरकार चुने, सरकार बनाना आता है, क्योंकि हम सब मतदाता है आदि नारे लगाए।

इस अवसर पर प्रधान अध्यापक मनोज साव ने बच्चों को अपने घर के सभी मतदाताओं को भी मत देने के लिए प्रेरित करने को कहा, जिससे एक मजबूत लोकतंत्र का निर्माण हो सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक-शिक्षिकाएं व बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## अभाविप ने बाबा साहब आंबेडकर जयंती पर की संगोष्ठी



**गीदम।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न, भारत के प्रथम कानून मंत्री, भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया। अभाविप दंतेवाड़ा जिला संयोजक गिरिराज शर्मा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर एक प्रमुख भारतीय विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और राजनीतिज्ञ थे। बाबा साहब के विचार एवं योगदान विशेष रूप से जाति-आधारित भेदभाव के विरुद्ध लड़ाई तथा सामाजिक न्याय के लिये संघर्ष में भारत के वर्तमान सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में भी प्रासंगिक बने हुए हैं। एक समावेशी और समतावादी समाज का उनका दृष्टिकोण, जैसा कि भारतीय संविधान में निहित है, देश के भविष्य के विकास के लिये एक मार्गदर्शक सिद्धांत बना हुआ है। इसके अतिरिक्त सशक्तिकरण के साधन के रूप में शिक्षा पर उनका ध्यान वर्तमान समय में विशेष रूप से प्रासंगिक है, क्योंकि भारत एक वैश्विक नेता के रूप में अपनी पूरी क्षमता हासिल करना चाहता है। डॉ. अंबेडकर की विरासत भारत की राष्ट्रीय पहचान का एक अभिन्न अंग है और उनके विचार भविष्य की पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। इस दौरान अभाविप छत्तीसगढ़ प्रदेश सहमंत्री शैलेष ध्रुव, दंतेवाड़ा नगरमंत्री शरद मिश्रा, लखन, किताब, परिवेद, अश्विन, प्रशांत, मनीष, निखिल समेत अभाविप के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## देश को विकसित बनाने की प्रतिबद्धता पर आधारित है 2024 की मोदी गारंटी : चैतराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम



भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के अपने जनघोषणा पत्र को मोदी की गारंटी-2024 नाम दिया है, क्योंकि मोदी की गारंटी की सभी वादे केंद्र की सरकार ने पूरे किए है। आज देश ही नहीं छत्तीसगढ़ में भी विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मोदी की गारंटी पर चुनाव लड़ी थी, जिस पर जनता ने विश्वास किया और कांग्रेस की कुशासन वाली भूपेश सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंका।

इस बार भी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता केंद्र की मोदी गारंटी पर विश्वास करते हुए यहां छत्तीसगढ़ में डबल इंजन वाली सरकार बनाकर विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगी। विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी की अधिकांश वादों को विष्णुदेव सरकार ने पूरा कर दिया है। भाजपा घोषणा पत्र के सभी वादों को पूरा करने का नाम ही मोदी की गारंटी है। विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि सबका साथ-सबका विकास के मूत्र मंत्र के साथ केंद्र की मोदी सरकार 10 साल तक एक नए भारत को गढ़ने का काम किया है। यही वजह रही है कि कोरोनाकाल के आपदा काल और वैश्विक मंदी के बावजूद देश को विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बनाने का ऐतिहासिक काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। आने वाले 2029 तक देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने से कोई नहीं रोक सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 25 करोड़ों लोग गरीबी रेखा से बाहर आ चुके हैं। अटामी ने कहा कि पूर्ववर्ती केंद्र की कांग्रेस की सरकारों में, भ्रष्टाचार इस कदर पूरी व्यवस्था में फैला हुआ था कि विकास के लिए राज्य में आने वाले पैसे की लूट मचती थी। यूपीए की सरकार में देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से खोखली हो गई थी। लेकिन मोदी की सरकार ने हर वर्ग के लिए बनाई जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में पारदर्शिता का ऐसा सिस्टम विकसित किया, जिसमें भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं बची है। आज हर योजना के लाभार्थी के खाते में सीधे पैसा जाता है। लेकिन जब यही कांग्रेस की सरकार थी, जनता के पैसे को हड़पने का काम इनके नेता करते थे। पीएम मोदी की भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही कार्रवाई पर कांग्रेस और इसके इंडी गठबंधन के दल अपने झूठे जनघोषणा पत्र से फिर से जनता को झांसे में लेने के लिए कुचक्र रच रहे हैं। लेकिन जनता कांग्रेस और इंडी गठबंधन दलों के झूठे जनघोषणा पत्र को नकार देगी और मोदी की गारंटी पर विश्वास करते हुए पीएम मोदी को 400 पार सीटों के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने जा रही है। अटामी ने कहा छत्तीसगढ़ में भी भाजपा 11 की 11 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी।

- सबका साथ-सबका विकास के मूल मंत्र पर सभी वर्गों का होगा उत्थान
- 2029 तक एक आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के रूप में देश बनेगा विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति

## बस्तर सीट पर कांग्रेस की होगी जीत : मेमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष अमीन मेमन के आतिथ्य में शहर जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य, निगम सभापति कविता साहू, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल की उपस्थिति व बस्तर जिला अल्पसंख्यक के अध्यक्ष रोजविन दास के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक हुई।

अमीन मेमन ने कहा कि चुनाव को कुछ ही दिन बचे हैं हम सभी ने लगन व निष्ठा के साथ इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी के लिए काम किया है। हमारे नेता राहुल गांधी बस्तर आए और उन्होंने पूर्ण विश्वास दिलाते हुए कहा है कि हमारी सरकार बनते ही हम गरीबी खत्म करने के साथ किसानों की आय दुगुनी करेंगे। महिलाओं को एक लाख रुपये सालाना देंगे। साथ ही अन्य योजनाओं की बात उन्होंने बताई। जिसे कांग्रेस सरकार चुनाव जीतने पश्चात तत्काल लागू करेगी। पूरे बस्तर में इस बार कांग्रेस के प्रति लोगों का उत्साह व राहुल गांधी की सभा में उमड़ी भारी भीड़ इस बात का परिचायक है कि बस्तर लोकसभा में कांग्रेस का परचम लहराएगा। इस दौरान अनवर खान, सेमियल नाथ, तौसीफ जहा, राम शंकर राव, शंकर ठाकुर, साईमा अशरफ, जितेंद्र अहलुवालिया, मोइन कुरैशी, मोइन अख्तर, सीमाब खान, सोमारू नाग, बाबा जमील, धीरज जॉनी, अभिषेक जॉन, मन्नू नाग, साहिल हियाल, उस्मान रजा, कोमल सेना, अफरोज बेगम, सहनाज बेगम मौजूद रहे।

## पर्व हमें प्रेम व आपसी भाईचारे का देता है संदेश : बेहेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

नक्सल प्रभावित सुकमा जिला के सेंकड बटालियन सीआरपीएफ मुख्यालय शबरीनगर व अन्य कैम्पों में ईद के अवसर पर जवानों ने केक काटकर एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर कमाण्डेंट बेहरा ने जवानों व परिजनों को ईद की मुबारकबाद देते हुए आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कमाण्डेंट सेंकड बटालियन रविकांत बेहेरा ने बताया कि सीआरपीएफ के द्वारा बटालियन मुख्यालय शबरीनगर सुकमा में अधिकारियों व जवानों के साथ मिलकर ईद-उल-फितर का त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर कमाण्डेन्ट ने बटालियन में मौजूद सभी अधिकारियों व जवानों को ईद की मुबारकबाद दिया तथा उनके और उनके बच्चों के उज्जवल भविष्य व अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर द्वितीय बटालियन सीआरपीएफ के उप कमाण्डेंट टी सैमसन राजू, भाष्कर भट्टाचार्य, ज्ञानेश प्रताप सिंह, सहायक कमाण्डेंट राजेन्द्र कुमार व राजीव कुमार समेत बटालियन के जवान मौजूद थे।

ईद के अवसर पर संध्या में जवानों व अधिकारियों के लिए बटालियन मुख्यालय के अलावा कम्पनी ए व ई दुलेर, बी व सी मुर्कराजकोन्डा, जी चिंतागुफा व एफ रामाराम में केक कटिंग कर जलपान का आयोजन किया गया था। कमाण्डेंट बेहेरा ने बताया कि विभिन्न पर्वों के माध्यम से लोग प्रेम व सम्मान का अभिव्यक्ति करते हैं और एक दूसरे के साथ प्यार और समझदारी का संदेश देते है। वहीं पर्व हमें प्रेम व आपसी भाईचारे का संदेश भी सिखाती है।

- सीआरपीएफ बटालियन में जवानों और परिजनों ने एक साथ मनाया भाई-चारे का त्यौहार



**खबर संक्षेप**

### ग्रीष्मकालीन जूडो कराते प्रशिक्षण शिविर 30 से

**जगदलपुर।** बस्तर जिला जूडो संघ व इंटर नेशनल गोसुकु रियो कराते एसोसिएशन द्वारा विद्या ज्योति स्कूल में प्रशिक्षक अब्दुल मोईन के मार्गदर्शन में 30 अप्रैल को शाम 5 बजे से 6.30 बजे तक जूडो कराते प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में किसी भी उम्र का व्यक्ति भाग ले सकता है। शिविर का उद्देश्य छात्र-छात्रों को आत्मनिर्भर बनाना है ताकि आज के इस दौर में मार्शल आर्ट का अभ्यास कर आने वाली विपत्तियों का सामना कर सके। साथ ही स्कूल कालेज व ओपन खेलों में इस कला का प्रदर्शन कर सके। छात्रों को विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। म्युथाई बाक्सिंग कला की बारीकियों के बारे में बताया जाएगा। महिला कोच मकसुदा हुसैन, सोनाली कुशवाहा तथा ए.फिरदोज प्रशिक्षण देंगे।

### आप पार्टी ने संविधान बचाओ, तानाशाही हटाओ का दिया संदेश




**जगदलपुर ।** आम आदमी पार्टी के नेताओं ने रविवार को भीमराव आंबेडकर जयंती पर संविधान बचाओ, तानाशाही हटाओ का नारा दिया। नेता समीर खान ने कार्यकर्ताओं को संविधान बचाने की शपथ दिलाई। इस दौरान शुभम सिंह, शिवा सोनकर, राकेश, राजू, रमेश कश्यप समेत कार्यकर्ता शामिल थे।

### शिकायत के बाद भी प्रशासन ने नहीं दी सुरक्षा

**जगदलपुर।** आम आदमी पार्टी बस्तर के अध्यक्ष समीर खान ने सोमवार को वीडियो जारी करते हुई जानकारी दी कि पिछले कई महीनों से अनेक बार हमला हुआ हैं एवं जान से मारने की धमकी मिल रही है। जिसकी सूचना पूर्व में कई बार जिला प्रशासन को देकर कार्यवाही की मांग की गई। बावजूद प्रशासन ने इस पर कोई जानकारी नहीं दी हैं न ही सुरक्षा व्यवस्था बहाल की। वीडियो जारी कर छत्तीसगढ़ सरकार पर आरोप लगाया कि बस्तर अतिसंवेदनशील क्षेत्र होने के बावजूद प्रशासन शिकायत पर जांच नहीं कर रही हैं। गाड़ी में हमला भी हुआ हैं। खुद पर उनके परिवार को कुछ होता हैं तो जवाबदारी प्रशासन की होगी।



### अम्बेडकर जयंती पर अभाविप की संगोष्ठी



**जगदलपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब अम्बेडकर जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया। जिला संयोजक शैलेष धुरव ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और राजनीतिज्ञ थे। बाबा साहब के विचार एवं योगदान विशेष रूप से जाति-आधारित भेदभाव के विरुद्ध लड़ाई तथा सामाजिक न्याय के लिये संघर्ष में भारत के वर्तमान सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में भी प्रासंगिक हैं। डॉ. अंबेडकर की विरासत भारत की राष्ट्रीय पहचान का एक अभिन्न अंग है और उनके विचार भविष्य की पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। इस दौरान परिवेद, अश्विन, प्रशांत, मनीष, निखिल, चंपेश, अभिजीत, हेमा समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों, जनपद पंचायत सीईओ, पुलिस सेक्टर अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

# अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक कर मतदान के प्रतिशत में करें वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत बस्तर जिले के तीनों विधानसभा जगदलपुर, बस्तर, चित्रकोट और आंशिक नारायणपुर विधानसभा की मतदान केंद्रों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ निर्वाचन की समस्त व्यवस्था को पूर्ण कर अधिक से अधिक मतदाता को जागरूक कर मतदान का प्रतिशत को बढ़ाये। उन्होंने बस्तर जिले के तीनों विधानसभा के सभी मतदान केंद्रों सहित संगवारी, युवा और दिव्यांगजनों द्वारा संचालित मतदान केंद्रों की सभी मूलभूत आवश्यकता को समय पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर सोमवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों, जनपद पंचायत सीईओ, सेक्टर अधिकारी, पुलिस सेक्टर अधिकारी की समीक्षा बैठक लिया।

कलेक्टर ने मतदान दिवस में मतदाताओं की सहायता के लिए सभी मतदान केंद्र के बाहर बीएलओ की उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को मतदान केंद्र का सतत निरीक्षण करने का निर्देश दिए, साथ ही नगर निगम, नगर पंचायत के सभी संगवारी केंद्रों की सभी आवश्यक व्यवस्था को सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि गर्मी को देखते हुए मतदान केंद्रों में छाया और पेयजल की व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करें। सभी राजस्व अधिकारियों को जिले में आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन नहीं होने देने के लिए भी सतर्क रहने कहा। उन्होंने स्वीप की गतिविधियों को बढ़ाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भी जोर दिया।

इसके उपरांत विधान सभावार बस्तर, नारायणपुर, जगदलपुर चित्रकोट के सेक्टर और पुलिस सेक्टर अधिकारियों से मतदान केंद्रों की व्यवस्था, समय पर मतदान दलों द्वारा मतदान सामग्री की प्राप्ति, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम की व्यवस्था, मतदान दलों की रुकने की व्यवस्था, रूट चार्ट के आधार पर वाहनों की व्यवस्था, दलों की रवानगी, पी-2 दलों की रवानगी 17 अप्रैल को सहित रिजर्व दल-रिजर्व मशीन को लेकर जाने की तैयारियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारियों को मतदान दलों से लगातार संपर्क में रहने के भी निर्देश दिए। सेक्टर अधिकारियों को स्ट्रांग रूम से मतदान सामग्री प्राप्ति के लिए समय से भी अवगत करवाया गया। साथ ही सेक्टर अधिकारी और पुलिस सेक्टर अधिकारी को मतदान उपरांत मतदान सामग्री स्ट्रांग रूम में समान जमा करवाकर और सहायक रिटर्निंग अधिकारी से अनुमति लेकर ही घर के लिए रवाना होने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी अपने दायित्वों के प्रति सजग रहकर कार्य करेंगे। पुलिस सेक्टर अधिकारी मतदान दलों के रूट चार्ट का पालन सुनिश्चित करवाकर मतदान दिवस की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखकर क्षेत्र के पुलिस थाना प्रभारी और वरिष्ठ अधिकारियों के संपर्क में रहेंगे। इस अवसर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा सहित सभी राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी, जनपद सीईओ, सेक्टर अधिकारी उपस्थित थे।

## बस्तर में रिक्त पड़े 21 हजार पदों को भरना जरूरी : नवनीत

**जगदलपुर।** बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद ने जारी बयान में जनता से आह्वान कर करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर बस्तर की जनता बस्तर के सवांर्गीण विकास हेतु अपना मतदान करें। जिससे समृद्ध बस्तर की राष्ट्रीय स्तर पर वास्तविक पहचान बने। शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, सड़क के साथ श्रेष्ठ बस्तर के विकास एवं हित को लेकर 8 सूत्रीय मांगो के साथ सलवा जुडूम के 3000 परिवार की सुध लेने व खाली 21000 पदो की पूर्ति को भी बस्तर हित व जनता के लिए जरूरी बताया है। उन्होंने कहा कि बस्तर के मुद्दों को लेकर मुक्ति मोर्चा वषोंर् से बस्तर के मुद्दों को लेकर अपने स्तर पर संघर्ष कर रही है इस लोकसभा चुनाव को लेकर मोर्चा ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में जनता में जागरूकता को लेकर चाय पर चर्चा का आयोजन किया मोर्चा जनता के बीच पहुंची और खुलकर बेरोजगारी रोजगार, सड़क ,सिंचाई ,शिक्षा जैसे अपने मुद्दों को लेकर चर्चा किया और अपील भी की बस्तर विकास मुद्दों पर इमानदारी से काम हो। शिक्षा, सिंचाई, स्वास्थ्य , सड़क व्यवस्था जैसे मुद्दों के साथ बस्तर हित को लेकर यह भी मांग है कि छेत्र में चतुर्थ व तीसरी श्रेणी के 21 हजार रिक्त पदों को पर भर्ती हो स्थानीय लोगों को प्राथमिकता मिले इसके साथ ही दक्षिण बस्तर में सलवा जुडूम दौरान 3000 परिवार जिसमें गरीब ढाई लाख लोग हैं उनका भी सुध लिया जाये।



## नववर्ष व नवरात्रि पर एकल अभियान का शक्ति पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नववर्ष व नवरात्री महापर्व के अवसर पर एकल अभियान के मातृ शक्ति और भैया के पहल पर गांव-गांव में शक्ति पूजा धूमधाम के साथ किया जा रहा है। 9 दिनों तक अलग-अलग रूपो में देवी को विराजा जा रहा है। इससे समस्त एकल अभियान गांव में धार्मिक आयोजन में ग्रामीणों के प्रति आस्था और श्रद्धा उमड़ रही है। एकल अभियान का शक्तिवंदन कार्यक्रम प्रांरभ है। माता रानी के नौ रूपों के रहस्य को समाज के सामने रखते हुए सभी आयु वगोंर् की नारी शक्ति का वंदन सम्मान किया जा रहा है। इसी कड़ी में तोकापाल में प्रथम दिन शैलपुत्री के रूप में छोटी कन्याओं का सम्मान किया गया जिसमें प्राची गर्ग, रतन लाल जैन, महेन्द्रकांत संघाणी, कैलाश राठी, निर्मल देवागंन सुभाष राय, बलीराम मौर्य, मनोज शोरी, एवं बड़ी संख्या में बच्चे एंव ग्रामवासी मौजूद थे। दुसरे दिन दरभा के ग्राम कोकरारास में पूजा हुआ।



## राहुल गांधी पर बयानबाजी कर अपनी कमजोरी छिपा रहे भाजपाई : लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के संयोजक एवं विधायक लखेश्वर बघेल ने जारी बयान में कहा कि विधानसभा चुनाव के महज तीन महीने बाद बस्तर के मतदाताओं का मिजाज बदल गया है। बस्तर में नरेन्द्र मोदी की सभा के बाद राहुल गांधी की सभा में अपार जनसमूह के समर्थन से स्थानीय भाजपा के मठाधीशों को जवाब देना मुश्किल हो जा रहा है जिसके कारण वे उलजलूल बयानबाजी कर अपनी खुद की कमजोरी छिपाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर का युवा वर्ग आज बेरोजगारी से परेशान है। पढ़ लिखकर युवा 150-200 रुपये में मजदूरी कर रहे हैं। बस्तर के गांवों में शौचालय, हर घर नल जैसी मोदी की गारंटी का हाल सभी को पता है। प्रधानमंत्री बड़े गर्व के साथ कहते हैं कि मुद्रा लोन को 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दिया पर हकीकत यह है कि इस योजना के तहत बस्तर में एक जोड़ी चप्पल घिसने के बाद बेरोजगार के नाम 50 हजार का कर्ज लिखा जाता है और हाथ में प्रोसेसिंग फीस, बीमा, दलाली आदि कट कर महज 42 हजार रुपये ही मिलता है। लाखों रुपये उसी को मिलते हैं जिसका सिविल स्कोर अच्छा है।

## रंगोली स्पर्धा में भगवान राम के चित्र बनाकर पाया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- सर्व हिन्दू समाज की पहल पर नववर्ष व नवरात्रि में रंगोली स्पर्धा

प्राचीन सनातन परंपरा और पद्धति को जीवंत रखने रंगोली स्पर्धा के जरिये सर्व हिन्दू समाज पारंपरिक धार्मिक संस्कार को बढ़ावा देने एक प्रयास किया है। दन्तेश्वरी मंदिर के समक्ष रंग उकेरने 35 मातृ शक्ति प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित हुई। स्पर्धा को सफल करने आशा डोडिया, तमन्ना जैन,झरना मोहंती,नीशा नाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ रंगोली टिंकव्यल सोनी ने बनाई जिन्हें प्रथम स्थान से सम्मान किया गया। इसी तरह लीसा सोनी द्वितीय और अंजली बेहरा तृतीय स्थान पर रही। तीनो विजेताओं को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। अन्य प्रतिभागी महिलाओं और युवतियों को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। विश्व हिंदू परिषद महिला जिलाध्यक्ष हेमा गुरूवारा का योगदान रहा। सर्व हिंदू समाज के पदाधिकारी विजय भारत ने मातृ शक्ति को आव्हान करते कहा रामनवमी महापर्व पर अपने-अपने घरों में दीप प्रज्वलित करें, साथ ही घर आंगन में रंगोली सजाएं। इस दौरान रामावतार शर्मा, योगेंद्र कौशिक, पुलक भट्टाचार्य, एचबी सिंह, जबिता मंडावी, सुधा मिश्रा, किशोर जाधव, नेहा दास, विहीप के रवि ब्रम्हचारी ने प्रतिभागी मातृ शक्ति को पुरस्कार वितरण किया। सर्व हिन्दू समाज, पंतजलि योग समिति, शारदा परिवार ने नववर्ष चैत्र प्रतिपदा से रामनवमी तक नियमित रूप से प्रतिदिन हनुमान चालीसा पाठ दन्तेश्वरी मंदिर के समक्ष किया जा रहा है। जिसमे बड़ी संख्या में लोग सम्मलित हो रहे है। स्पर्धा में निहारिका मोदी ने फल जूस का वितरण किया।

## बालिकाओं का पैर धुलवा कर मनाया गया कन्या पूजन उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला भगतसिंह में नवरात्र पर सामूहिक कन्या पूजन उत्सव मनाया गया। बालिकाओं के पांव धुलवा कर चंदन, तिलक और अक्षत लगाकर कन्या पूजन किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं को अधिक से अधिक संख्या में स्कूल में उपस्थिति देने एवं शिक्षा ग्रहण के लिए प्रेरित किया गया। शाला की बालिकाओं को स्वसहायता समूह द्वारा खीर, पुड़ी और चने का साग बनाकर प्रसाद ग्रहण करने आमंत्रित किया गया। हर्षोल्लास के साथ कन्या पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। संकुल समन्वयक पुरूषोत्तम पांडे का सहयोग रहा। इस दौरान प्रधान अध्यापिका यास्मीन खान, श्रीमती पांडे, श्रीमती मथरानी, विशाल देवांगन, इंद्राणी एवं प्राथमिक स्टाफ लीना देवांगन, सुनीता खरे, सीमा मरकाम, चंद्रकला भद्रे तथा हायर सेकेण्डरी शाला से चंद्र प्रकाश देवांगन, किरण चौहान, अभिराय पटेल, अनिल शुक्ला समेत व्याख्याता व प्राचार्य उपस्थित रहे।

## अंतिम छोर तक पहुंचेगा विकास : केदार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करपावंड

- हार के डर से कांग्रेस के शीर्ष नेता भाग रहे : महेश
- वनमंत्री ने बस्तर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में मांगा समर्थन

वनमंत्री केदार कश्यप ने भाजपा प्रत्याशी के लिए गांव-गांव में समर्थन मांगा। बस्तर विधानसभा के सतोषा, मोहलई, कोलावल, पाथरी सहित कई गांव पहुंचकर उन्होंने मोदी और साय सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि महिला को 1000 रूपये देने का कार्य, तेंदूपत्ता कांग्रेस सरकार ने 1 दिन तक खरीदा और हमारी सरकार 15 दिन तक खरीदने का काम किया है। चरणपादुका को कांग्रेस सरकार ने बन्द किया उसे पुनः प्रारंभ किया गया हैं। महेश कश्यप को विजयी बनाकर बस्तर संभाग के अंतिम छोर तक विकास पहुंचाना है। प्रत्याशी ने कहा कि कांग्रेस के बड़े नेता चुनाव लड़ने से भाग रहे है। बस्तर लोकसभा से वर्तमान सांसद दीपक बैज कांग्रेस की हार से अवगत है जिसके कारण चुनाव मैदान में नही उतरे। इस बार बस्तर से कांग्रेस का सूपड़ा साफ होना तय है। इस दौरान आनंद मोहन मिश्रा, परिश बेसरा, पुलकेश्वर पांडेय, मयाराम, अर्जुन पांडेय, विषम ठाकुर, ओमप्रकाश गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

## इस्कॉन के हरि नाम संकीर्तन का ग्रामीणों ने लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- बकावंड ब्लाक के मालगांव में हुआ धार्मिक कार्यक्रम

इस्कॉन प्रचार केंद्र के द्वारा बकावण्ड ब्लॉक के मालगांव में हरि नाम नगर संकीर्तन निकाला गया। संकीर्तन वेदव्यास दास के मार्गदर्शन में हुआ। जिसमें पांचजन्यधारी, पूर्णिमा देवी, ललित जोशी, सतीशु, महेश, कुणाल , प्रिंस, शिवम, चैतन्यु, लक्ष्मण, राज, गर्व, उर्मिला, प्रभा, प्रियंका, प्रशस्ति, भूमिका के साथ अनेक भक्त सम्मिलित हुए। हरि नाम संकीर्तन से गांव में आनंद और उल्लास का वातावरण बना। ग्रामवासी दुर्गा प्रसाद, कवि , खेम सिंह ठाकुर, हेम राज , ईश्वर सेठिया, चिन्मय राय, ईश्वर कश्यप, दुलेश्वर,आकाश, प्रेम सागर, चरण व थबीर सेठिया के साथ-साथ गांव के अनेक बच्चे, युवा, बुजुर्ग पुरुष एवं महिलाएं सम्मिलित हुए। भगवान चैतन्य महाप्रभु और नित्यानंद प्रभु के विग्रह का स्वागत गांव के अनेक परिवार ने उत्साह एवं श्रद्धा के साथ किया। उनके द्वारा भगवान के विग्रह की आरती उतारी गई, पुष्प अर्पित किए गए एवं चरण धोये गए। संकीर्तन के बाद इस्कॉन ने फूड फॉर लाइफ कैंपेन के अंतर्गत खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया। यह आयोजन प्रत्येक रविवार को विभिन्न गांव में किया जाता है। जिसका उद्देश्य युवाओं में नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना, नशा मुक्ति और सनातन संस्कृति का प्रचार करना है।

## अन्त्योदय के सपने को साकार करेगा भाजपा का संकल्प पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- देश को सशक्त समृद्ध बनाने की पहल

समान नागरिक संहिता, निवेश से नौकरी, गरीबी उन्मूलन, एक देश एक चुनाव और विकसित भारत भाजपा के संकल्प पत्र के समाहित बिन्दुओं में से हैं । पूर्व में चल रही जन कल्याणकारी और विकास योजनाओं को सतत चलाने के साथ देश को सशक्त, समृद्ध बनाने की दिशा में यह संकल्प पत्र मील का पत्थर साबित होगा। उक्ताशय के विचार भाजपा नेता विद्याशरण तिवारी ने व्यक्त किये। जारी बयान में उन्होंने कहा कि विगत दस वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के रहे। आयुष्मान योजना , लखपति दीदी योजना, मुद्रा योजना, किसान सम्मान निधि सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनओं के सकारात्मक परिणाम देश को प्राप्त हुए। यह प्रतिबद्ध नेतृत्व की कार्य कुशलता और देश प्रथम की भावना से किये गए कायोंर् को परिलक्षित करता है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की सरकार ने भारतीयों के उन सपनों को साकार किया है, जिसकी प्रतीक्षा वह दशकों से कर रहे थे।

### भाजपा राष्ट्र प्रथम नीति पर काम कर रही

तिवारी ने कहा कि दस वषोंर् में राष्ट्र प्रथम की नीति पर कार्य किया गया। भारत को विश्व पटल पर मजबूत राष्ट्र के रूप में उभारने और भ्रष्टाचार रहित विकसित देश बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। संकल्प पत्र व्यवहारिक और भारत की समकालीन आवश्यकताओं के अनुरूप है।




